Seventeenth Loksabha

>

Title: Need to augment railway services in Araria Parliamentary Constituency, Bihar-laid.

श्री प्रदीप कुमार सिंह (अररिया) : मेरा संसदीय क्षेत्र बिहार राज्य के दूरस्थ क्षेत्र में अवस्थित अररिया जिला को शेष भारत और पश्चिम बंगाल को जोड़ने वाला प्रमुख क्षेत्र होने के बावजूद मात्र दो ही एक्सप्रेस यात्री ट्रेन सीमांचल एक्सप्रेस और जे.बी.एन. एक्सप्रेस की सुविधा प्राप्त है जिसके अंदर पैंट्री कार भी नहीं है, खाने-पीने की व्यवस्था नहीं है। सामाजिक, आर्थिक, धार्मिक तथा पर्यटन की दृष्टि से मेरे क्षेत्र की आवश्यकताओं को देखते हुए मेरे संसदीय क्षेत्र को और अधिक रेल सेवाओं, सुविधाओं से जोड़ना अति आवश्यक है। जैसे कि 1 गाड़ी सप्ताह में 3 दिन कटिहार से कोलकाता के लिए चलती है, इस गाड़ी को अररिया के जोगबनी से रोजाना कोलकाता के लिए चलाया जाए। आम्रपाली एक्सप्रेस जो कि कटिहार से अमृतसर के लिए चलती है, इस गाड़ी को जोगबनी से अमृतसर के लिए चलाया जाए। इंटरसिटी एक्सप्रेस जो कि कटिहार से पटना के लिए चलती है, इस गाड़ी को जोगबनी से पटना के लिए चलाया जाए तथा 1 नई गाड़ी जोगबनी से वाराणसी के लिए चलाई जाए। मेरे क्षेत्र की लंबित परियोजनाओं को जल्द से जल्द पूरा किया जाए। जैसे कि कटिहार से जोगबनी रेल लाइन का दोहरीकरण और विद्युतीकरण, अररिया से गलगलिया और अररिया से सुपौल रेल लाइन और फारबिसगंज से सहरसा रेल लाइन को छोटी लाइन से बड़ी लाइन में परिवर्तित करने का कार्य जल्द से जल्द पूरा किया जाए।